समाचार

# गलत जानकारी देने, मोबाईल बंद रखने पर होम आईसोलेशन व इलाज में हो रही कठिनाई

## (सैम्पलिंग के समय सही पता, मोबाईल नम्बर देने एवं मोबाईल चालू रखने की अपील की निगम प्रशासन ने)

कोरबा 02 अक्टूबर 2020 —कोविड—19 की जांच सैम्पलिंग के दौरान लोगों द्वारा अपने निवास पता व मोबाईल नम्बर की गलत जानकारी देने, मोबाईल स्वीच आफ रखने आदि के परिणाम स्वरूप जांच रिपोर्ट पाजिटिव होने के पश्चात उन्हें होम आईसोलेट कराना व त्वरित रूप से समुचित इलाज उपलब्ध कराना संभव नहीं हो पा रहा है। निगम प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे कोरोना जांच सैम्पलिंग के दौरान अपना सही पता व मोबाईल नम्बर एवं अन्य जानकारी दें, साथ ही मोबाईल फोन चालू रखें ताकि होम आईसोलेशन कराने व त्वरित इलाज सुविधा प्रदान करने में अवरोध उत्पन्न न हों।

यहां उल्लेखनीय है कि राज्य शासन के दिशा निर्देशों के अनुरूप बिना लक्षण या कम लक्षण वाले कोरोना पाजिटिव मरीजों को होम आईसोलेशन की सुविधा दी जा रही है, साथ ही घर पर ही उनका समुचित इलाज किया जा रहा है, किन्तु यह देखने में आ रहा है कि कुछ लोगों द्वारा कोरोना जांच सैम्पलिंग के समय गलत पता, गलत मोबाईल नम्बर दिया गया था, वहीं कुछ लोगों द्वारा अपना मोबाईल फोन स्वीचआफ रखा जा रहा है, जिसके परिणाम स्वरूप जांच रिपोर्ट पाजिटिव आने के पश्चात उन्हें होम आईसोलेट कराना व त्वरित इलाज देना संभव नहीं हो पा रहा है। नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत अभी तक 09 ऐसे प्रकरण समक्ष में आयें है, जिनका मोबाईल नम्बर गलत है या उनके द्वारा अपना मोबाईल फोन स्वीचआफ कर दिया गया है, परिणाम स्वरूप इन लोगों को होम आईसोलेशन कराना संभव नहीं हो पा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोरबा जोनांतर्गत 02 पाजिटिव आए व्यक्तियों द्वारा मोबाईल फोन स्वीचआफ किया गया है, वहीं कोसाबाड़ी जोनांतर्गत 06 पाजिटिव आए व्यक्तियों तथा टी.पी. नगर जोनांतर्गत 01 पाजिटिव व्यक्ति द्वारा मोबाईल स्वीचआफ रखे गए हैं या मोबाईल नम्बर गलत हैं या मोबाईल रिसीव नहीं कर रहे है, परिणाम स्वरूप इन लोगों को होम आईसोलेट कराना व त्वरित इलाज सुविधा देने में कठिनाई हो रही है। नगर निगम के मैदानी अमले के द्वारा संबंधित वार्ड के पार्षदों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों के सहयोग से ऐसे व्यक्तियों का पता लगाने एवं खोजने की कार्यवाही निरंतर की जा रही है, इसके बावजूद भी कुछ लोगों से संपर्क नहीं हो पा रहा है। आयुक्त श्री एस. जयवर्धन ने इन लोगों से अपील की है कि वे निगम के कंट्रोल रूम का दूरभाष नम्बर 07759—226672 पर संपर्क करें ताकि उन्हें त्वरित रूप से होम आईसोलेशन व इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। उन्होने आमलोगों से भी अपील की

है कि वे कोविड–19 के टेस्ट की सैम्पलिंग के दौरान अपना सही पता, मोबाईल नम्बर व अन्य जानकारी सही–सही दें, साथ ही अपना फोन सदैव चालू रखें ताकि पाजिटिव रिपोर्ट आने की स्थिति में उनके होम आईसोलेशन व त्वरित इलाज सुविधा उपलब्ध कराने में किसी प्रकार का अवरोध उपस्थित न हो सके। इसके साथ ही होम आईसोलेट किए गए व्यक्तियों से अपील करते हुए कहा है कि यदि उन्हें दवाई नहीं मिल पा रही है तो वे निगम के कंट्रोल रूम स्थित उक्त नम्बर पर इसकी जानकारी दें ताकि उन्हें दवा उपलब्ध कराई जा सके।